प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## 'स्थापना दिवस पर रन फॉर यूनिवर्सिटी का आयोजन

पंतनगर। 11 नवम्बर 2025। देश की प्रथम कृषि गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के स्थापना दिवस सप्ताह कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 7:40 बजे 'रन फार यूनिवर्सिटी' से किया गया। 'रन फार यूनिवर्सिटी' का आयोजन शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा स्टीवेंशन स्टेडियम से गांधी पार्क तक किया गया। इस दौड़ का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। उन्होंने उपस्थित विश्वविद्यालय के कार्मिकों व विद्यार्थियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। दौड़ के प्रारम्भ में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना एवं प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. एन.के. सिंह द्वारा मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान का स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के सतत विकास तथा गुणवत्ता बनाये रखने के लिए 'रन फार यूनिवर्सिटी' के माध्यम से सभी अधिष्ठाता, निदेशकों, संकाय सदस्यों, अधिकारियों का आह्वान किया गया।

इस दौड़ में भारी संख्या में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना के मार्गदर्शन में प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. ए.के. सिंह, डा. एच.एस. पपोला, डा. भाष्कर तिवारी, डा. पूनम त्यागी, डा. जी.एस. बोहरा सह निदेशक द्वारा सफतापूर्वक किया गया, जिसमें शारीरिक शिक्षा अनुभाग के समस्त कर्मचारियों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। उक्त आयोजन के पश्चात समस्त प्रतिभागियों द्वारा गांधी हॉल में सूक्ष्म जल–पान की व्यवस्था की गयी। 'रन फार यूनिवर्सिटी' के प्रतिभागियों हेतु मोनोग्राम छपी कैप 4ए द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करवाया गया। कार्यक्रम में 4ए के सचिव डा. अनिल यादव को धन्यवाद शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा दिया गया।

